Regarding request for expeditious completion of Kendriya Vidyalaya building at Achhnera in Fatehpur Parliamentary Constituency-laid

श्री राजकुमार चाहर (फतेहपुर सीकरी) **:** मेरे संसदीय क्षेत्र फ़तेहपुर सीकरी के अछनेरा में लम्बे समय पहले केन्द्रीय विद्यालय स्वीकृत किया गया था आगरा जनपद के अछनेरा में स्वीकृत केन्द्रीय विद्यालय के लिए ज़मीन उपलब्ध है और सभी पत्रावली/औपचारिकता पूरी कर के उत्तर प्रदेश शासन के पास पहुंची हुई है । जनपद आगरा में केन्द्रीय कर्मचारियों और सेना तथा सशस्त्र बलों में कार्यरत हजारों कार्मिकों के स्थायी निवास है । विद्यालय का निर्माण करते समय प्रत्येक कक्षा में चार चार अनुभाग (Section) का प्रावधान सुनिश्चित करते हुए उसी अनुसार कक्षों की संख्या रखी जाए ताकि केन्द्रीय विद्यालय में हकदार सभी बच्चों को शिक्षा की सुविधा दी जा सके । मैं सरकार से अनुरोध करता हूँ कि जल्द से जल्द शासन से प्रस्ताव मंगवा कर धन आवंटित कर केन्द्रीय विद्यालय के भवन निर्माण कार्य शुरू कराने का कष्ट करें ।

फतेहपुर सीकरी का बाह तहसील आगरा मुख्यालय से 80 किलोमीटर दूर है तहसील बाह में केन्द्रीय कर्मवारियों और सेना तथा सशस्न बाली में कार्यरत हजारों कार्मिकों के स्थायी निवास हैं । बाह तहसील में भी एक केन्द्रीय विद्यालय स्वीकृत करने का कष्ट करें ।